Rajasthan Patrika

EDII

January 17, 2025
Pg. 2

ईडीआईआई, भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने मिलाया हाथ

विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उद्यमिता को देंगे बढ़ावा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ हाथ मिलाया है।

भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सर्वेयर जनरल ऑफ इंडिया हितेश कुमार मकवाणा और ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ.सुनील शुक्ला ने गुरुवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थाओं के रणनीतिक और संयुक्त प्रयासों से देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी- आधारित उद्यमिता के वातावरण का निर्माण करना है। इसके अलावा छात्रों के बीच कौशल निर्माण, उद्यमिता की भावना को सशक्त बनाना, शोध , इनोवेशन, और स्टार्टअप को बढ़ावा देना है।

गुरुवार को ईडीआईआई में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मकवाणा ने कहा कि इनोवेटिव स्टार्टअप को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। ये नवाचार विकास की नींव रखते हैं।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि व्यवसाय में प्रौद्योगिकी का उपयोग महत्वपूर्ण है। कई बार यह कायापलट करने वाला साबित हो सकता है। सर्वे ऑफ इंडिया के साथ मिलकर काम करने से निश्चित रूप से नई प्रौद्योगिकियों और स्टार्टअप को उभरने में मदद मिलेगी। इससे कई युवाओं को नए उद्यम निर्माण में आसानी होगी।